ई.एच.डी.-1

15621

स्नातक उपाधि कार्यक्रम
सत्रांत परीक्षा
दिसम्बर, 2015

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी
ई.एच.डी.-1 : हिन्दी गद्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है ।*

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं *तीन* की प्रसंग-सहित व्याख्या कीजिए : $3 \times 12 = 36$

(क) राजनीति ही मनुष्यों के लिए सब-कुछ नहीं है । राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्व-मानव के साथ व्यापक सम्बन्ध है । राजनीति की साधारण छलनाओं से सफलता प्राप्त करके क्षण-भर के लिए तुम अपने को चतुर समझने की भूल कर सकते हो, परन्तु इस भीषण संसार में एक प्रेम करने वाले हृदय को खो देना सबसे बड़ी हानि है ।

(ख) मेरा मन पूछता है – किस ओर ? मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है ? पशुता की ओर या मनुष्यता की ओर ? अस्त्र बढ़ाने की ओर या अस्त्र काटने की ओर ? मेरी निर्बोध बालिका ने मानो मनुष्य-जाति से ही प्रश्न किया है – जानते हो, नाख़ून क्यों बढ़ते हैं ? यह हमारी पशुता के अवशेष हैं । मैं भी पूछता हूँ – जानते हो ये अस्त्र-शस्त्र क्यों बढ़ रहे हैं ? – ये हमारी पशुता की निशानी हैं ।

(ग) उसकी दृष्टि एक भिखारिन पर लगी हुई थी, जो अपने बालक को गोद में लिए भिक्षा माँग रही थी । बालक माता की गोद में ऐसा प्रसन्न बैठा था, मानो वह किसी राजसिंहासन पर बैठा हो । मंसाराम उस बालक को देखकर रो पड़ा । यह बालक क्या मुझसे अधिक सुखी नहीं है ? इस अनंत विश्व में ऐसी कौन-सी वस्तु है, जिसे वह इस गोद के बदले पाकर प्रसन्न हो ?

(घ) भीड़ भय से चीखकर ओट में भागती हुई औरतों पर दया करके दरवाजे के सामने से हट गयी थी । चौधरी बेसुध पड़े थे । जब उन्हें होश आया, ड्योढ़ी का परदा आँगन में सामने पड़ा था, परन्तु उसे उठाकर फिर से लटका देने का सामर्थ्य उनमें शेष न था । शायद अब उसकी आवश्यकता भी न रही थी ।

(ङ) क्यों न हो ! (हँसकर) वो एक बार किसी ने एक फ़कीर से पूछा था – खाने का ठीक समय कौन-सा है ? उसने उत्तर दिया – अमीर का जब मन हो और ग़रीब को जब मिले । आप ठहरे धनी-मानी और हम... (हिं-हिं करते हुए) निर्धन !

2. हिन्दी गद्य के विकास के कारणों की समीक्षा कीजिए । *16*

3. 'उसने कहा था' कहानी के आधार पर लहना सिंह का चरित्र-चित्रण कीजिए । *16*

4. 'निर्मला' उपन्यास की संरचना और शिल्प का विश्लेषण कीजिए । *16*

5. एकांकी के तत्त्वों के आधार पर 'गिरती दीवारें' की विशेषताएँ बताइए । *16*

6. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की कथावस्तु का मूल्यांकन कीजिए । *16*

7. 'नाख़ून क्यों बढ़ते हैं ?' निबंध की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए । *16*

8. कहानी विधा का तात्त्विक विवेचन प्रस्तुत कीजिए । *16*

9. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×8=16*

(क) आत्मकथा और जीवनी

(ख) ललित निबंध

(ग) 'अकेली' कहानी की कथावस्तु

(घ) 'कौमुदी महोत्सव' एकांकी की नाट्य-वस्तु

(ङ) ब्रजभाषा गद्य